तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 16. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 17 फरवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को करें लाभान्वित : सांसद
4








प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ चर्चा करते विधायक ब्यास कश्यप, खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिनेश शर्मा, जिपं उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, विधायक शेषराज हरवंश और राघवेन्द्र कुमार सिंह।

### हरिभूमि और आईएनएच के जिला संवाद में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से जनप्रतिनिधियों और अफसरों की चर्चा

# मृतप्राय हो चुके सीसीआई सीमेंट प्लांट को पुनर्जीवित करने का ऐलान

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास और समस्याओं पर केंद्रित हरिभूमि आईएनएच के संवाद-2026 के आयोजन में सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अंचल से जुड़े हर मुद्दे पर संवाद किया। हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी से चर्चा करते हुए भाजपा नेताओं ने जहां दो साल के विकास का ब्यौरा दिया, वहीं कांग्रेसी विधायकों ने क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया। खास बात यह है कि इस दौरान जिले के अकलतरा में बंद पड़े सीसीआई सीमेंट प्लांट को पुर्नजीवित करने का ऐलान भी हुआ तो वहीं जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार और विश्वविद्यालय की स्थापना जैसे मुद्दों पर पक्ष-विपक्ष के नेताओं में सहमति नजर आई। इसके अलावा आम जनता के समस्याओं के निराकरण,कानून व्यवस्था की स्थिति पर जिले के कलेक्टर और एसपी से भी सार्थक चर्चा हुई।



ऑडिटोरियम में आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नगरवासियों की भीड़।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा**

हरिभूमि और आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार 16 फरवरी को जिला मुख्यालय जांजगीर के ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम पांच चरणों में हुआ। इस दौरान जिले के विकास कार्यों और व्याप्त समस्याओं को लेकर हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने पक्ष-विपक्ष के जनप्रतिनिधियों से तीखे सवाल किए। साथ ही जिम्मेदार अफसरों से भी चर्चा की। आयोजन के चौथे चरण में सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश व अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह शामिल हुए। चर्चा के दौरान अविभाजित मध्यप्रदेश के समय अकलतरा की शान रहे सीसीआई सीमेंट प्लांट का मुद्दा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने उठाया। इस मुद्दे पर प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने मंच पर बैठे सांसद व पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के साथ प्रथम पंक्ति में बैठे खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह से सवाल किए। जवाब में सभी ने इस प्लांट को पुर्नजीवित करने की बात कही। चर्चा में सभी नेताओं ने बंद पड़े प्लांट को केन्द्रीय उद्योग मंत्री से मिलकर तीन महीने के भीतर शुरु करने की दिशा में ठोस कदम उठाने का ऐलान किया।

## कांग्रेस के राज में सिर्फ जुमलेबाजी और पैसे की बर्बादी हुई: सौरभ

छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह का कहना है कि पूरे प्रदेश में जहां भाजपा की लहर थी वहीं कांग्रेस ने जांजगीर जिले में बाजी मारी, इसका प्रमुख राजनीतिक कारण रहे हैं। देखा जाए तो महानदी के उत्तर और दक्षिण तट पर भाजपा नहीं जीत सकी और सभी आठ सीट कांग्रेस के पाले में चली गई। इस हार से सबक लेते हुए अगले 4 महीने में जब लोकसभा चुनाव हुए तब भाजपा को यहां से जीत दिलाई गई । इसके लिए सभी क्षेत्रों में बूथवार कार्यकर्ताओं ने मेहनत की। इसी का नतीजा रहा कि जांजगीर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार की जीत हुई है। उन्होंने इस बात को भी स्वीकार किया जांजगीर जिला हमेशा से कांग्रेस का गढ़ रहा है लेकिन जब कभी त्रिकोणीय मुकाबला हुआ तो उसमें बीजेपी को फायदा हुआ है। सौरभ सिंह ने कहा कि हमेशा से यह मानना होता है कि विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव अलग होते हैं। दोनों चुनाव के लिए रणनीति अलग-अलग ही बनानी पड़ती है। विधानसभा चुनाव में हुई हार के बाद हमने अपना वोट शेयर बढ़ाने पर ध्यान दिया और इसमें सफलता मिली। सभी सीटों पर वोट प्रतिशत के साथ ही वोट शेयर भी बढ़ा है। सौरभ सिंह ने कहा कि 2 साल की सरकार होने के बाद अब जनता परफॉर्मेंस हमसे मांग रही है और हम उन उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। सौरभ सिंह ने कांग्रेस की नरवा गुरुवा योजना को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 5 सालों तक इसमें सिर्फ जुमलेबाजी होती रही। जिला खनिज न्यास और दूसरे मद का पैसा इसमें बर्बाद किया जाता रहा। कभी रीपा सेंटर के नाम पर तो कभी स्किल डेवलपमेंट के नाम पर लाखों रुपए फूंक दिए गए लेकिन नतीजा शून्य ही रहा। सौरभ सिंह ने दावे के साथ यह भी कहा कि जब पिछली बार बजट आया था तो क्षेत्र के तीनों विधायकों ने इसे अपनी उपलब्धि बताते हुए बड़े-बड़े दावे और पोस्टर लगवाए थे। इसलिए यह बात गलत है कि भाजपा सरकार में कांग्रेस विधायकों को राशि नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों पर सभी जनप्रतिनिधि मिलकर काम कर रहे हैं । चाहे वह भाजपा के हो, या कांग्रेस के या किसी और पार्टी के। इसलिए ही भाजपा की सरकार को सुशासन की सरकार कहा जा रहा है। सौरभ सिंह ने कांग्रेस सरकार में हुई गड़बड़ियों का खुलासा करते हुए कहा कि एक ही कंपनी ने एक ही वेंटीलेटर अलग-अलग कीमतों पर दिया और उसका भुगतान भी प्राप्त कर लिया। भाजपा सरकार में उसे पर कार्रवाई करते हुए सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। जांजगीर जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज और विश्वविद्यालय के बारे में उन्होंने कहा कि इसकी व्यवस्था की जा रही है। स्थानीय विधायकों को इस बारे में विधानसभा और शासन के समक्ष प्रस्ताव भेजना चाहिए।



प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी और मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते अतिथिगण।



मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का सम्मान करते हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी एवं हरिभूमि बिलासपुर के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार



कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय का सम्मान करते प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी।

## सभी सोसायटियों में धान बेचने से वंचित हुए किसान : राघवेन्द्र

हरिभूमि आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद 2026 में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से चर्चा करते हुए अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह कहा कि शासन प्रशासन चाहे जो भी दावे करे, लेकिन जांजगीर-चांपा जिले में 1 लाख 60 हजार क्विंटल धान की कम बिक्री हुई है। जिले के लगभग सभी सेवा सहकारी समितियां में कुछ न कुछ किसान धान की बिक्री नहीं कर पाए हैं, जिसके कारण किसान आंदोलन भी कर रहे हैं। प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के प्रति प्रश्न पर उन्होंने कहा कि धान नहीं बेचने के विरोध में उनके द्वारा आंदोलन भी किया गया, बावजूद इसके बहुत से किसान वंचित हुए है। इसकी नैतिक जिम्मेदारी शासन-प्रशासन और स्वयं पर भी ली।

## सामंजस्य से चल रही सरकार, हो रहा चहुंमुखी विकास : चंदेल

चौथे सेशन में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से चर्चा करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण प्रसाद चंदेल ने कहा कि शासन एवं प्रशासन एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं। दोनों के आपसी सामंजस्य से ही सरकार चलती है। उन्होंने पूर्ववती कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार की गाड़ी का पहिया पंचर होने वाला नहीं होता। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांव, गरीब और किसन की थीम पर काम कर रही है। आज भय और भुख से मुक्त छत्तीसगढ़ है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद वेंटीलेटर पर है। नक्सलवाद प्रदेश में अब अंतिम सांस गिन रहा है। हमारी सरकार विजन पर काम कर रही है। पिछली सरकार 2018 से 2023 तक बिना विजन के काम कर रही थी।

## सभी सोसायटियों में धान बेचने से वंचित हुए किसान : हरवंश

कार्यक्रम के दौरान पामगढ़ क्षेत्र की विधायक शेषराज हरवंश ने कहा कि जनता के बीच जाने के लिए मेहनत करनी पड़ती है क्षेत्र की जानते का ध्यान रखते हैं उन्हें बिजली पानी शिक्षा की सुविधा भी आवेदन के आधार पर उपलब्ध कराते हैं रेत माफियाओं की खिलाफ लड़ाई भी लड़ी जाएगी। जांजगीर जिला ही नहीं बल्कि लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस की जीत के सवाल पर श्रीमती हरवंश ने कहा कि भूपेश सरकार ने किसानों के लिए जो काम किए थे उसके कारण सरकार बनी। कार्यकर्ताओं की मेहनत भी थी, लेकिन चार महीने बाद लोकसभा में मिली शिकस्त के बारे में उनका कहना था कि लोकसभा के चुनाव में अलग मुद्दे होते है।

## भाजपा शासन में तेजी से हो रहा विकास कार्य : जांगड़े

हरिभूमि संवाद कार्यक्रम के दौरान जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि भाजपा के शासन में छत्तीसगढ़ में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। फोरलेन सड़क की स्वीकृति मिली है, इसे लेकर उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि सक्ती स्टेशन में गोंडवाना सुपरफास्ट ट्रेन का स्टॉपेज दिया गया है। उन्होंने इसके लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की थी।

## सभी विधायक कांग्रेसी इसलिए सरकार ध्यान नहीं देती: कश्यप

जांजगीर विधानसभा के कांग्रेसी विधायक ब्यास। कश्यप ने कहा कि जनता के साथ जुड़कर जनहित के काम करने के पूरे प्रयास किया जा रहे हैं। इसमें कुछ हद तक तो सरकार का साथ मिल रहा है लेकिन अभी और ज़रूरतें हैं जिसे पूरा किया जाना बाकी है। विधायक श्री कश्यप ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हुई हार की जिम्मेदारी ली जानी चाहिए क्योंकि काम उतने नहीं कर पाए जितने होने चाहिए थे। कांग्रेस पार्टी से कुछ नाराजगी जरूर लोगों को थी इसे दूर करने का पूरा प्रयास स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की ओर से मेहनत की गई लेकिन शायद जनता ने ईसे स्वीकार नहीं किया। श्री कश्यप ने कहा कि जांजगीर और चांपा शहरी क्षेत्र में आते हैं इसमें सेंध लगाने के लिए कांग्रेस को और मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि जांजगीर जिले में शैक्षिक गतिविधियों की काफी कमी है ना तो यह इंजीनियरिंग कॉलेज है ना ही मेडिकल कॉलेज है। मेडिकल कॉलेज की घोषणा जरूर की गई है लेकिन उसकी शुरुआत अभी तक नहीं हो पाई है। कांग्रेस ने इस विषय में कोशिश की थी लेकिन अब भाजपा सरकार उसे आगे नहीं बढ़ा रही है। विधायक श्री कश्यप ने कहा कि भाजपा की सरकार जांजगीर में हर बार जनादेश पर मानती है जिसमें करोड रुपए खर्च किए जाते हैं उसका एक प्रतिशत भी क्षेत्र में जनहित के कार्यों में लगा दिया जाता तो यहां विकास की गंगा बह जाती। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि जांजगीर जिले में सभी 6 विधायक कांग्रेस के हैं। इसलिए सरकार ध्यान नहीं दे रही है और राशि का आवंटन भी नहीं कर रही है। हालांकि सांसद, जिला पंचायत के सभी प्रतिनिधि और अध्यक्ष, नगरी निकाय के सभी प्रतिनिधि और सदस्य भाजपा के हैं इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आत्मानंद स्कूल जैसी महत्वपूर्ण योजना को भी लगभग बंद कर दिया गया है क्योंकि यह कांग्रेस सरकार की बड़ी महत्वाकांक्षी योजना थी।

## सरकार दुश्मनी निभा रही है : शर्मा

जांजगीर जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा ने कहा कि भूपेश सरकार की पल के कारण ही क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की घोषणा की गई थी लेकिन अब उसे पर कोई काम नहीं हो पा रहा है। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल यह है कि डॉक्टरों की कमी पिछले 2 साल से बनी हुई है। लगातार मांग के बाद भी भाजपा सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। जांजगीर जिले का जिला अस्पताल सिर्फ एक रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। जिला अस्पताल 160 बिस्तरों का है लेकिन अब व्यवस्थाओं के कारण ही इसमें बदहाली छाई हुई है। सरकार ने दिन और एस की नियुक्ति की बात कही है लेकिन वह सिर्फ कागजों में है। भूपेश सरकार के 5 साल के कार्यकाल में सभी डॉक्टर थे लेकिन भाजपा सरकार आते ही पांच डॉक्टरों ने इस्तीफा दे दिया है उनकी जगह एक भी डॉक्टर पदस्थ नहीं किए गए हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 2 साल में एक भी सड़क नहीं बनी है और ना ही नालियों का कोई काम हुआ है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में भी सरकार आनाकानी कर रही है और हर कोशिश की जा रही है कि 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी नहीं करना पड़े। कभी टोकन तो कभी लाइन और दूसरी अव्यवस्थाओं के कारण किसान बेहद परेशान है। जांजगीर जिले में सिंचाई पर भी सरकार का ध्यान नहीं है जबकि भूपेश सरकार ने इस और पहल जरूर की थी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिनेश शर्मा ने जांजगीर जिले में अवैध रेत खनन का मुद्दा भी जोर से उठाया और कहा कि यह सब सत्ता के संरक्षण में हो रहा है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कांग्रेस सरकार में भी यह सब था लेकिन इस स्तर पर नहीं था। भाजपा सरकार ने तो खुलेआम जैसे अवैध उत्खनन की छूट दे दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इन दोनों बड़े नेताओं ने जिले में एक रुपए की घोषणा नहीं की । यह साफ है कि भाजपा की सरकार जांजगीर जिले से एक तरह से दुश्मनी निभा रही है।

## जांजगीर सहित पूरे प्रदेश में विकास पर ध्यान :गगन

जिला पंचायत उपाध्यक्ष और भाजपा नेता गगन जयपुरिया ने कहा कि पिछले दो सालों में भाजपा की सरकार ने जांजगीर ही नहीं पूरे प्रदेश में विकास पर पूरा ध्यान दिया है। उन्होंने तीन प्रमुख सड़कों का जिक्र किया और बताया कि बिर्रा से डबरा, चांपा से जैजैपुर और शहर की कई प्रमुख सड़क बन रही हैं। पिछले दो सालों में सिर्फ शहरी क्षेत्र में ही 300 करोड रुपए के काम हुए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा सरकार मूलभूत सुविधाओं पर खास तौर पर फोकस कर रही है। इसमें सड़क के साथ ही पेयजल व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जांजगीर संभावनाओं वाला जिला है इसलिए केंद्र और राज्य की योजनाओं की राशि यहां भेजी जा रही है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन ने कहा कि कभी जांजगीर जिला पलायन के नाम से जाना जाता था। प्रधानमंत्री आवास की घोषणा होती थी लेकिन मकान नहीं बनते थे अब लेकिन भाजपा की सरकार ने इस पर पूरा ध्यान दिया है और पलायन काफी हद तक कम हो गया है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि रवि फसल के लिए कभी पानी नहीं दी गई जिस पर भाजपा सरकार ध्यान दे रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जांजगीर जिले में कांग्रेस का कर्ज माफी का वादा चल गया इसलिए सभी विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत हुई और भाजपा को हार मिली।

# कलेक्टर बोले-फसल चक्र में ध्यान दें किसान, एसपी ने कहा- कानून व्यवस्था बेहतर

**जांजगीर-चांपा।** हरिभूमि एवं आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम के दौरान दूसरे सेशन में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने जिले के कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय से सार्थक संवाद किया। इस दौरान डॉ. द्विवेदी के तीखे सवाल भी चले। चर्चा के दौरान प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने जिला मुख्यालय जांजगीर में आम जनता से जुड़े यातायात की समस्या पर चर्चा करते हुए कहा कि जिले के लोगों को जांजगीर पहुंचने में जितना खर्च नहीं लगता उससे अधिक जांजगीर पहुंचने के बाद प्रमुख दफ्तरों में पहुंचने में ऑटो व टैक्सी का लगता है। दरअसल सीटी बस सेवा बंद होने और प्रीपेड ऑटो बूथ बंद होने का मुद्दा उठाया गया। इस पर जिले के अधिकारियों ने उचित पहल करने की बात कही। इसी प्रकार कृषि पर चर्चा करते हुए कलेक्टर महोबे ने बताया कि कृषकों को अपने हितों को ध्यान में रखकर फसल चक्र परिवर्तन पर ध्यान देना चाहिए। जिले में एजुकेशन टूरिज्म के अवसर भी बढ़ाया जा रहे हैं। इसके अलावा शहर में पेयजल संकट, सिंचाई सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। चर्चा के दौरान जिले के पुलिस कप्तान विजय कुमार पांडेय ने कहा कि जिले की पुलिस व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर 17 से 18 घंटे तक काम करना पड़ता है। गांव में अवैध शराब बिक्री को लेकर महिला कमांडो टीम का गठन ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया है जिसके माध्यम से महिलाएं लोगों के घरों तक पहुंचकर उन्हें जागरूक करने का काम कर रही है। वर्तमान समय में जांजगीर चांपा जिले में 700 से भी अधिक पुलिस बल है, जिनके माध्यम से कानून व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित की जा रही है। ग्राम पंचायत करही सक्ती जिले के अंतर्गत आता है जबकि कानून व्यवस्था जांजगीर जिले में आती है, यही प्रमुख वजह है कि दो जिलों के समवर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां कई तरह की तकनीकी समस्या आती है, जिसके कारण भी रेत का अवैध भंडारण एवं संचालन यहां होता है वहीं किसी तरह की दुर्घटना हो जाने की स्थिति में भी तकनीकी समस्याएं सामने आती है।




कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय से चर्चा करते डॉ.हिमांशु द्विवेदी।

## हर सवाल पर तालियों से गूंजता रहा ऑडिटोरियम

जिले में हरिभूमि और आईएनएच द्वारा पहली बार आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने जैसे ही अफसरों और जनप्रतिनिधियों पर सवालों के बछौर किए और जवाब पर तत्कालिक दूसरा सवाल सुनकर पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। शुरुआत में ही उन्होंने पुलिस कप्तान से चोरी रोकने अथवा चोरी के बाद जांच की चुनौती पर सवाल किए। इसी तरह रेत उत्खनन के मामले में पूर्व सूचना अथवा बाद में आने वाले फोन को लेकर सवाल दागे।

# महाशिवरात्रि पर 18 फीट ऊंची शिव प्रतिमा का हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के विभिन्न शिवालयों में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस दौरान जेसीआई द्वारा मोतीसागरपारा बस्ती के समीप मुक्तिधाम में भगवान शंकर की 18 फीट ऊंची मूर्ति की कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने पूजा-अर्चना कर अनावरण किया।

अलग खबर

इस अवसर पर मंत्री लखन लाल लाल देवांगन ने जेसीआई कोरबा द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जब वह कोरबा के महापौर थे तब इस मुक्तिधाम का कायाकल्प किया गया था। जेसीआई ने इस मुक्तिधाम की व्यवस्था कब बेहतर तरीके से रखरखाव एवं संचालन किया जा रहा है। इसी तरह मंत्री श्री देवांगन मानिकपुर में भगवान शंकर की प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होकर पूजा अर्चना की। इस मौके पर उन्होंने समिति की मांग पर मंदिर के पास सामुदायिक भवन हेतु 15 लाख की घोषणा की। इसके बाद नेहरू नगर कुआं भट्ट में महिला समिति द्वारा आयोजित शिव मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक में सम्मिलित हुए। मंदिर परिसर में किचन शेड हेतु 5 लाख की घोषणा की। इसी तरह बालको नगर के परसाभाटा बिहीबाड़ी में नवनिर्मित शंकर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के मंगल कामना की। समिति की मांग पर मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन हेतु 10 लाख की घोषणा की। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गौरी शंकर मंदिर के समीप बने 10 लाख की लागत के सामुदायिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर टीएन बजाज, अभिषेक अग्रवाल, राम कुमार सोनी, रोहित असरानी, निश्छल टमकोरिया, पीएस गांधी, सभापति नूतन सिंह, प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद श्रीमती रूबी सागर पार्षद श्रीमती राधा महंत, तामेश अग्रवाल एवं नरेंद्र देवांगन, योगेश मिश्रा, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन



## खबर संक्षेप

### परीक्षा की गोपनीय सामग्री का आज होगा वितरण

कोरबा। छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षाओं के लिए गोपनीय सामग्री वितरण के जारी निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के समस्त केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया है कि 16 फरवरी को प्रातः 10 बजे समन्वय संस्था सेजेस कन्या साडा में उपस्थित होकर गोपनीय परीक्षा सामग्री प्राप्त करना सुनिश्चित करें। सामग्री प्राप्त करने के तुरंत बाद उसे संबंधित थाना या चौकी में सुरक्षित जमा करना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया में समय-सीमा और गोपनीयता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि मुख्य परीक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### साहित्य भवन में मासिक गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन



कोरबा। मुकुटधर साहित्य समिति द्वारा पद्मश्री पं. मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब यूनुस दानियालपुरी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अंजना सिंह ठाकुर व दीपक सिंह ठाकुर के विशिष्ट आतिथ्य में यह सरस काव्य गोष्ठी संपन्न हुई। मंच पर समिति के अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, सचिव डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा तथा उपाध्यक्ष बलराम राठौर भी मंचासीन रहे। माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अनसुइया श्रीवास ने माँ शारदे की वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों का पुष्प हार व बैज लगाकर स्वागत किया गया। समिति के गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए स्वागत उद्बोधन डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा ने दिया। यूनुस दानियालपुरी, डॉ अंजना सिंह ठाकुर और दीपक सिंह ठाकुर ने अपने विचार व्यक्त किए। साहित्य भवन के साज सज्जा हेतु विशेष सहयोग के लिए डॉ अंजना सिंह ठाकुर और दीपक सिंह ठाकुर को समिति द्वारा शाल, श्रीफल और गुलदस्ते के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगभग दो दर्जन कवियों ने बसंत और अन्य विषयों पर मधुर काव्यपाठ किया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस पर विविध कार्यक्रम

कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस के अवसर पर जिले में विशेष जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ग्राम पंचायत नकटीखार के आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों की सहभागिता रही। इस अवसर पर सरपंच, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर रीमा, विद्यालय के शिक्षकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की एएनएम द्वारा बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही पोषण, स्वच्छता एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। एवीएके जिला समन्वयक विजय प्रताप ने बाल अधिकार, बाल संरक्षण, बाल विवाह की रोकथाम एवं बालिकाओं की शिक्षा के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए समुदाय को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को विज्ञान एवं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने हेतु परिवार और समाज की सकारात्मक भूमिका अत्यंत आवश्यक है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण, स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

### सरस्वती शिशु मंदिर दर्री में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**कोरबा।** भारतीय संस्कृति में माता-पिता को सदैव सर्वोच्च स्थान प्राप्त रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 14 फरवरी को सरस्वती शिशु मंदिर एच.टी.पी.पी. दर्री में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुषमा बारस्कर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम् तथा भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर
एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बडोदा के पास जांजगीर मो.9302362173

## उद्योग मंत्री के मुख्य आतिथ्य में हुआ शुभारंभ

# शिव आरती, दीपोत्सव और भव्य आतिशबाजी के साथ पाली महोत्सव का हुआ शुभारंभ



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।



महोत्सव में अतिथि एवं नागरिकगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऐतिहासिक नगरी पाली में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पाली महोत्सव 2026 का शुभारंभ शिव आरती, दीपोत्सव और भव्य आतिशबाजी के साथ हुआ। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में शाम लगभग 7 बजे पाली शिव मंदिर घाट में शिव आरती और दीपोत्सव ने समां बांध दिया। पाली के ऐतिहासिक शिव मंदिर और सरोवर के चारो ओर दीपों की जगमगाती रोशनी और शांत माहौल में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत का मेल दिखाई दिया। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, श्रम, उद्योग, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में दीपोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान गंगा आरती, धूप आरती के साथ धार्मिक माहौल दिखाई दिया। मंत्री श्री देवांगन सहित अन्य अतिथियों ने पाली के ऐतिहासिक मंदिर में पूजा अर्चना भी किया और सभी के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल तथा ग्राम पंचायत केराझरिया की सरपंच श्रीमती गिरजा सत्यनारायण पैंकरा,पार्षद नरेन्द्र देवांगन अन्य जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी आदि उपस्थित रहें।

# राधासागर तालाब में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में स्वच्छता को लेकर एक नई शुरुआत करते हुए सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर राधासागर तालाब व मंदिर के आस पास स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान तालाब परिसर से प्लास्टिक कचरा, झाड़ियां और गंदगी हटाई गई। अधिकारियों ने बताया कि यह केवल शुरुआत है। आने वाले दिनों में नगर के सभी वार्डों, सार्वजनिक स्थलों,बाजार क्षेत्रों और तालाबों में चरणबद्ध रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष राज जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छ नगर केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है जब तक जनभागीदारी नहीं होगी, तब तक स्थायी स्वच्छता संभव नहीं है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कचरा निर्धारित स्थानों पर डालें और प्लास्टिक के उपयोग से बचें। सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले ने कहा कि यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की निगरानी तथा खुले में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस स्वच्छताअभियान में सभी नगरवासियों से भी सहयोग की अपील की है स्थानीय लोगों ने भी इस स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए नियमित रूप से ऐसे प्रयास जारी रखने की मांग की। सफाई अभियान में लाल बाबू ठाकुर, मुद्रिका प्रसाद तिवारी,पार्षद हरीश यादव, राजेश्वरी जात्रा, अजय धनोंदिया, शारदापाल, घनश्याम आलवानी सहित नागरिक उपस्थित रहे।



सफाई करते हुए।

# जलोपचार संयंत्र की 80 से बढ़कर 100 एमएलडी हो जाएगी क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम क्षेत्र में निवासरत सभी लोगों तक जल आपूर्ति के लिए कोहड़िया में 20 एमलडी (मिलियन लीटर प्रतिदन) क्षमता वाली नई जल आवर्धन तैयार की जाएगी। जिला खनिज न्यास से इसके 37 करोड़ रूपये की स्वीकृति मिली है। नगर निगम ने निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वर्तमान में 80 एमलएडी क्षमता की जलावर्धन संचालित है। जिससे 60 हजार परिवारों को पानी मिल रहा । नवीन योजना के मूर्त रूप लेने से इस की क्षमता 100 एमएलडी हो जाएगी। साथ ही 14 हजार अतिरिक्त परिवारों के लाभांवित होने से जलावर्धन से 74 हजार परिवारों के घरों तक पानी पहुंचेगा। नवीन जलावर्धन का पानी घरों तक पहुंचाने के लिए गोमाता चौक, रूमगडा और दादर खुर्द 80-80 हजार लीटर क्षमता की टंकी का निर्माण किया जाएगा।

कोहड़िया में संचालित जलावर्धन के माध्यम से शहर 67 वार्डों में जलापूर्ति हो रही है। शहर के अंतिम छोर में बढ़ती बसाहट और पानी की आवश्यकता को देखते आपूर्ति कम हो रही है। सीतामढ़ी इमलीडुग, रूमगड़ा, दादरखुर्द तक पाइप लाइन तो बिछा दी गई लेकिन लंबी दूरी तक जलापूर्ति के लिए प्रेशर कम है। जल आवर्धन की एक भी मोटर में खराबी आने पर सर्वाधिक समस्या दूर दराज के वार्डों होती है। ज्यादातर इस तरह की समस्या ग्रीष्म के समय में अधिक आती है। सीमावर्ती वार्डों में टेंकर से पानी आपूर्ति की नौबत आती है। दर्री बांध शहर के निकट होने के बाद भी लोगों को पेयजल के लिए तरसना पड़ता है। वर्तमान में कोहड़िया में चार जल आवर्धन चल रहीं हैं। इनमें 6 एमलडी का जलावर्धन बहुत ही पुराना हो चुका है। इसी के स्थान नया जलावर्धन तैयार किया जाएगा। यहां यह भी बताना होगा कि कोहड़िया जलावर्धन शहर के अलावा बालको, दरी, जमनीपाली तक जलापूर्ति होती है। यहां नई पाइप लाइन लगाने की वजह से सुगमता से पानी पहुंच रहा है। वहीं शहर के सीमावर्ती क्षेत्रों तक पानी पुराने पाइप लाइन से पहुंच रही है। विभागीय अधिकारी की माने तो ग्रीष्म के दौरान जलापूर्ति सुगम बनाने के लिए लिकेज पाइप लाइन को सुधारने का काम शुरू कर दिया गया है। साथ ही नाला से लगे पाइप को स्थानांतरित करने की की कार्य योजना तैयार की जाएगी। बहरहाल नवीन जलावर्धन का काम आगामी वर्ष तक पूरा कर लिया जाएगा। जलावर्धन योजना के बिजली बिल कम करने के लिए निगम प्रशासन की ओर इसे सौर ऊर्जा से जोड़ने की कार्य योजना तैयार की है। 80 एमएलडी जलावर्धन को संचालित करने के लिए निगम प्रशासन को प्रतिमाह ढाई लाख रूपये बिल भुगतान करना पड़ता है। सौर ऊर्जा से संचालित किए जाने राजस्व आय में वृद्ध होगी।



**खास बात**

- संयंत्र विस्तार के बाद निगम क्षेत्र के 74 हजार घरों में पहुंचेगा पानी

**गेरवाघाट एनीकट से होगी पानी की आपूर्ति**

तीन साल पहले जलावर्धन के लिए पानी नहर से ली जा रही थी। अब नहर के अलावा राताखार के निकट गेरवाघाट में बने एनीकट से भी पानी लिया जा रहा है। इससे नए जल आर्वधन के लिए पानी की कमी नहीं होगी। कोहड़िया तक नए जल आवर्धन को पानी खीचने के लिए पाइप नहीं बिछानी पड़ेगा। निगम के अधिकारियों की माने तो आने वाले समय में अतिरिक्त जल आवर्धन बनने पर भी पानी की समस्या नहीं होगी।

# कंश वध व रुक्मणी विवाह का कथावाचन रहा आकर्षण का केंद्र



कथा श्रवण करने पहुंचे श्रद्धालु एवं कथावाचन करते कथावाचक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

परमहंस स्वामी श्री शारदानंद सरस्वती महाराज की पावन स्मृति में एवं महामंडलेश्वर श्री हरिहरानंद सरस्वती महराज के सुखद सानिध्य में स्वामी भजनानंद वनवासी आश्रम केन्दई में चल रहे 45 वा विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा में आचार्य चन्द्रहास त्रिपाठी महराज कटघोरा ने श्रोतागणों को कंश वध व उद्धव प्रसंग के साँथ साँथ देवी रुक्मिणी के विवाह प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए बताते हैं कि एक बार मथुरा में कंश का आतंक बढ़ने लग जाता है सभी नगरवासी कंश के द्वारा किये जा रहे अत्याचार से भयभीत रहते हैं सभी देवता भी प्रभु से निवेदन करने लगे कि हे प्रभु मथुरा में कंश का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है कृपया इस कंश का वध कर मथुरा वासी को इसके आतंक से मुक्त करो तभी वो शुभ घड़ी आ जाती है मथुरा में कुश्ती युद्ध के लिए गोकुल में निमंत्रण आता है तब कन्हैया अपने भाई बलराम के साँथ मथुरा नगरी पहुंच जाते हैं और योद्धाओं के साँथ युद्ध होता है जब सभी योद्धा हार जाते हैं तब स्वय कंश कन्हैया से युद्ध करने के लिए आते हैं और कहते हैं कि हे बहरूपिया लगता है कि तेरी मृत्यु मेरे ही हांथो लिखी हुई है और एक ओर सभी देवता भी कंश को मृत्य का इंतजार कर रहे थे और दोनों के बीच युद्ध प्रारंभ होता है जिसमे प्रभु के हांथो कंश का वध हो जाता है और जैसे ही कंश का वध होता है स्वर्ग लोक के सभी देवता प्रभु के ऊपर पुष्प की वर्षा करने लगते हैं इस बीच प्रभु ने सभी मथुरा वासियो को कंश के अत्याचारों से मुक्ति दिलाई उद्धव गोपी सम्भाग के मध्य महराज श्री ने बताया कि उद्धव इतने ज्ञानी थे कि गोपियों के सामने उनकी एक भी नही चली उद्धव सुध्व हेगायो सुन गोपिन के बोल ज्ञान भजाई डूम दुमी प्रेम बजायो ढोल इसके पश्चात रुक्मणि कृष्ण विवाह पर बोलते हुए राजा भिसमत के यहां रुक्मिणी लक्ष्मी जी के रूप में प्रकट हुई राजा शिशुपाल के साँथ विवाह निश्चित हुआ नाराद जी ने बताया कि आपका पाणिग्रहण संस्कार द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण के साँथ निश्चित है तब रुक्मिणी जी ने भगवान श्री कृष्ण को पत्र लिखा भगवान श्री कृष्ण अपने रथ में कुंदनपुर आते व इसी बीच देवी रुक्मिणी देवी पूजा के लिए जाती है तभी भगवान श्री कृष्ण रुक्मिणी को रथ में बैठाकर द्वारिका की ओर ले जाते हैं इतने में शिशुपाल अपनी अक्षणि सेना लेकर आते हैं लेकिन भगवान श्री कृष्ण उसकी आधी दाढ़ी व आधी मुछ काट देते हैं तभी रुक्मिणी भगवान से प्रार्थना करती है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) कोरबा जिला कोरबा, (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा०प्र०क्र०-202511050100060
अ-6/2025-26
ग्राम-खरवानी, प०ह०नं०-17
तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा, छ०ग०

1. ईश्वर प्रसाद पिता स्व. कुशल प्रसाद निवासी-खरवानी, तह. बरपाली, जिला-कोरबा, छ.ग.
2. लखन बाई पिता स्व. कुशल प्रसाद, पति धनसाय निवासी-हा.मु.- नवगंवा (खिसोरा) तह०-बलौदा, जिला- जांजगीर चांपा, (छ.ग.)
3. माखन बाई पिता स्व. कुशल प्रसाद, पति स्व. लेखराम निवासी-हा.मु. दुरपा, पो-सरहर तह.-बाराद्वार, जिला- जॉजगीर चांपा, (छ.ग.)
4. सियाबाई पिता स्व. कुशल प्रसाद, पति सत्यनारायण निवासी-हा.मु.- सरखों (नैला) तह.-जॉजगीर, जिला जॉजगीर चांपा, छ.ग.
5. बंगलाबाई पिता स्व. कुशल प्रसाद पति चन्द्र कुमार निवासी-हा.मु.-नवगंवा (खिसोरा) तह.-बलौदा, जिला- जॉजगीर चांपा, (छ.ग.)
6. राजू राठौर पिता महेन्द्र राठौर उर्फ माखन
7. पप्पू राठौर पिता महेन्द्र राठौर उर्फ माखन निवासी-दोनों हा.मु.-सराईपाली, पो.-नदौरकला तहसील-बाराद्वार, जिला-सक्ती, (छ.ग.)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थिनी मेमबाई पिता स्व० कुशल प्रसाद पति मोहन लाल, जाति- तेली, निवासी-हा०मु० दुरपा, पो०-सरहर, तहसील बाराद्वार, जिला-जॉजगीर चांपा, छ०ग० के द्वारा ग्राम-खरवानी के नामांतरण पंजी वर्ष 2006-07 के ना०क० 05 प्रविष्टि दिनांक 16/03/2007 में पारित आदेश दिनांक 04/04/2007 से क्षुब्ध होकर छ०ग०भू०रा० संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत अपील ज्ञापन इस न्यायालय में प्रस्तुत की गई है। जिसकी सुनवाई लिंक कोर्ट तहसील कार्यालय बरपाली में दिनांक 11/03/2026 को नियत है।

अतः सुनवाई हेतु लिंक कोर्ट तहसील कार्यालय बरपाली में दिनांक 11/03/2026 को उपस्थित होंवे। अनुपस्थित रहने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 11/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा
जिला कोरबा (छ.ग.)

# जी राम जी पर हरदीबाजार मंडल में कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार मंडल द्वारा वी बी जी राम जी विषय पर कार्यशाला का आयोजन आर्यन पब्लिक स्कूल हरदीबाजार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा भागवत विश्वकर्मा ने वीबी जी राम जी के महत्व, उद्देश्य एवं प्रमुख प्रावधानों पर विस्तार से कार्यकर्ताओं को बताया।

उन्होंने बताया कि वीबी जी राम जी एक नया ग्रामीण रोजगार कानून है, जो मनरेगा के स्थान पर लागू किया जाएगा। इस अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिनों के अकुशल शारीरिक श्रम की कानूनी गारंटी प्रदान की जाएगी। साथ ही पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति, जीपीएस आधारित निगरानी तथा एआई ऑडिट जैसी आधुनिक व्यवस्थाओं को शामिल किया गया है। मंडल अध्यक्ष श्री कृष्णा पटेल जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस नए संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना और आम जनता को इस अधिनियम के प्रति जागरूक करें। जिसमें जिला मंत्री अजय दुबे ने वीबी जी राम जी के महत्व और इसके प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंडल महामंत्री नवरत्न सिंह राजपूत तथा मंडल उपाध्यक्ष अनीता जांगड़े, बजरंग यादव, मंडल मंत्री लता कंवर, निखिल राठौर, शिव मरकाम, दिनेश पटेल, विकास निर्मलकर, रतिजा उट सरपंच मोहन पाल, जमुना सिंह, रामप्रसाद, श्याम बाई यादव, राम कंवर, सविता कंवर, गंगा दिवर , मंजू देवी, क्रांति रजक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यशाला में शामिल अतिथि व अन्य।

कार्यालय नगरपालिका परिषद् चांपा, जिला जाँजगीर-चांपा (छ.ग.)

E-Mail ID - cmochampa@rediffmail.com, cmochampanp@gmail.com

क्रमांक/3287/ लो.नि.वि. / न.पा./2025-26 चांपा, दिनांक 16.02.2026

// सार्वजनिक सूचना//

नगरपालिका परिषद चांपा सीमांतर्गत वार्ड नं. 20 कालोनाईजर श्री राम बिल्डर्स एण्ड डेवलपपर्स, सदर बाजार चांपा, जिला जांजगीर-चांपा को प.ह.नं. 04 खसरा नं. 362/1, 362/4, 362/8, 349/1, 361/1, 361/2, 361/3, 361/4 एवं 361/5 कुल रकबा $2.05^{1/2}$ एकड मे प्रस्तावित आवासीय कालोनी के लिए विकास कार्य प्रारंभ करने की अनुमति कार्यालय संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर द्वारा पृ.क्र. 353 बिलासपुर दिनांक 20.01.2012 अनुमोदन बाबत शर्तानुसार प्रदान किया गया था, तदनुसार विकसित आवासीय भू-खण्डो का निर्माण / विकसित किया गया है। कॉलोनाईजर द्वारा उक्त कालोनी (फेस-1) का आंतरिक एवं बाह्विकास कार्य पूर्ण करने के उपरांत नगरपालिका परिषद के पक्ष में आरक्षित की गई बंधक भूमि को मुक्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त बंधन को मुक्त करने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 23.02.2026 तक नगरपालिका कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन में विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | कालोनाईजर का नाम | कालोनाईजर विकास की अनुमति | बंधक प्लाट एवं संख्या | खसरा नं. | बंधक प्लाट का रकबा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री राम बिल्डर्स एण्ड डेवलपपर्स सदर बाजार चांपा | दिनांक 20.01.2012 | 16, 17, 27, 38 एवं 39 | 362/1,362/4, 362/8 349/1, 361/1. 361/2, 361/3,361/4 एवं 361/5 | 824.11 वर्ग मीटर |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद चांपा



# महेश बाबू ने लॉन्च किया भव्यता रहस्य से भरा नागबंधम का टीजर

**नई दिल्ली।** 'ब्रह्मा की रचना से जन्मा... विष्णु के धर्म से सुरक्षित... महादेव के क्रोध से शक्ति प्राप्त...', यह दमदार लाइन 'नागाबंधम' की आत्मा को बखूबी बयां करती है। यह एक ऐसी गाथा है जहां दिव्यता, नियति और विनाश का आमना-सामना होता है। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, अभिषेक नामा के डायरेक्शन में बनी माइथो-एक्शन फिल्म 'नागबंधम' का मचअवेटेड टीजर महेश बाबू ने रिलीज किया। फिल्म में विराट कर्णा लीड रोल में हैं। प्रोड्यूसर किशोर अन्नापुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी ने इस फिल्म को एक बहुत बड़े स्केल पर तैयार किया है, जिसमें वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्शन वैल्यू साफ नजर आ रही है।

लाइफ Style

# सारा अर्जुन

## शेयर की अहम सूचना, सतर्क रहने की दी हिदायत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

धुरंधर अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रविवार को अपने सभी फैंस को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इसी के साथ सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को लेकर एक खास सूचना भी जारी की है। फिल्म 'धुरंधर' में सारा अर्जुन के अभिनय को खूब सराहा गया।

अब फिल्म 'धुरंधर 2' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के बारे में एक अहम सूचना जारी करते हुए सभी को सतर्क रहने की हिदायत दी है। 'धुरंधर' अभिनेत्री सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने सभी फैंस को महाशिवरात्रि की शुभमानाएं देते हुए लिखा, 'आप सभी को गुड मॉर्निंग और सभी को महाशुवरात्रि की शुभकामनाएं।' इस पोस्ट के साथ सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को लेकर भी अहम सूचना जारी की है। सारा अर्जुन ने आज इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक खास सूचना दी है। सारा ने बताया है कि वह ट्विटर पर नहीं हैं। सारा ने लिखा, 'मैं बस कुछ जरूरी बातें शेयर करना चाहती हूं। मैं ट्विटर पर नहीं हूं।' सारा ने आगे यह भी बताया कि ट्विटर प्लेटफॉर्म पर उनका कोई ऑफिशियल अकाउंट नहीं है। इसके साथ ही सारा ने न्यूज चैनल्स को सतर्क रहने की भी सलाह दी है। सारा ने लिखा, '(न्यूज चैनल) अगर आपको मेरे नाम से किसी हैंडल से कोई ट्वीट या बयान दिखे, तो प्लीज जान लें कि वह मैं नहीं हूं और वह किसी भी तरह से मुझसे जुड़ा नहीं है।' आगे सारा ने लिखा की उन्हें समझने के लिए धन्यवाद।



हॉलीवुड मसाला



# सिंगर से नहीं किया कभी प्यार

**नई दिल्ली।** एक टाइम पर जैन मलिक जीजी हदीद को हमेशा अपने पास रखना पसंद करते थे, लेकिन अभी पिछले काफी समय से दोनों साथ में दिखाई नहीं दिए। दोनों को अलग हुए पांच साल से भी अधिक समय हो गया है और अब जाकर वन डायरेक्शन के पूर्व सदस्य जैन मलिक ने इस पर बात की। जैन ने कहा कि हालांकि दोनों ने पांच सालों तक डेट किया, लेकिन उन्हें अब लगता है कि उनके बीच प्यार कभी था ही नहीं। जैन ने शो कॉल हर डैडी पर कहा, 'सच कहूं तो यह बात रिकॉर्ड पर रहे, मैं हमेशा जी से प्यार करूंगा, क्योंकि मेरी बच्ची के इस दुनिया में होने का कारण वही है।



# चीन के वीडियो मॉडल ने हालीवुड की उड़ाई नींद

**नई दिल्ली।** वो हॉलीवुड जिसके इंटेंस एक्शन सीक्वेंस को टक्कर देने के लिए मेकर्स करोड़ों रुपए खर्च करते थे और कुछ को रीक्रिएट करने में प्रोड्यूसर्स के पसीने छूट जाते हैं।.. अब वो सीन्स एआई के जरिए मिनटों में बनाए जा सकते हैं। जी हां, एक नए एआई वीडियो मॉडल के आने से माना जा रहा है कि यह हॉलीवुड के लिए खतरा बन सकता है। कुछ लोग तो इसे 'हॉलीवुड किलर' बता रहे हैं। यह एआई वीडियो मॉडल चीन से आया है। डायरेक्टर रुएरी रॉबिन्सन ने टॉम और ब्रैड का एआई मेड फाइट सीन वाला वीडियो शेयर किया है और लिखा है, 'लोग इसे अब तक का सबसे भरोसेमंद प्लॉट ट्विस्ट कह रहे हैं।' इस वीडियो को हॉलीवुड के को-राइटर रेट रीज ने वीडियो रीशेयर करते हुए दुख जताया। उन्होंने कहा, मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है।



# यश की टॉक्सिक हो सकती है पोस्टपोन

**मुंबई।** यश की फिल्म टॉक्सिक की रिलीज पोस्टपोन हो सकती है। एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें कारण बताते हुए फिल्म की रिलीज डेट 19 मार्च की जगह आगे बढ़ने की बात कही गई है।। टॉक्सिक और धुरंधर 2 के बीच जबरदस्त क्लैश हो रहा था। इस साल मार्च में इस साल की सबसे बड़ी बॉक्स ऑफिस टक्कर होने वाली है। रणवीर सिंह की धुरंधर 2 और यश स्टारर फिल्म टॉक्सिक एक ही दिन 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। दोनों ही बड़े बजट की फिल्में हैं जिनका इंतजार हो रहा है। ट्रेड एनालिस्ट पहले ही बता चुके हैं कि इस क्लैश से एक को तगड़ा नुकसान हो सकता है। इस क्लैश को टाले जाने पर बातचीत होने की खबर थी। लेकिन, अब एक रेडिट गॉसिप सामने आई है। इसके मुताबिक टॉक्सिक की रिलीज पोस्टपोन हो सकती है।



# एक्टर्स को एआई से हो सकता है नुकसान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन इंडस्ट्री के उन स्टार्स में से हैं, जिन्होंने अपने कॅरियर में कई तरह के रोल प्ले किए हैं। उन्होंने पर्दे पर कॉमेडी से लेकर बतौर एक्टर और विलेन का किरदार निभाया है। अभिषेक प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बने रहते हैं। ऐसे में अभिषेक बच्चन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में अपनी राय दी है कि यह कैसे 'एक्टर्स के लिए नुकसानदायक' हो सकता है। अभिषेक ने कहा कि एआई उन्हें डराता है, और कहा कि वह इसके साथ बहुत कम्फर्टेबल नहीं हैं। अभिषेक ने एआई पर अपनी राय रखते हुए कहा, 'एआई मुझे डराता है। हर एक्टर को इससे डर लगना चाहिए। क्रिएटिव काम में एआई बहुत कुछ बदल देगा। अगर इसे सही तरीके से इस्तेमाल न किया जाए तो एक्टर्स के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है।

टीवी मसाला



# कीकू ने पत्नी प्रियंका के साथ किए राम लला के दर्शन

**नई दिल्ली।** कीकू शारदा इन दिनों अपनी कॉमेडी से 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 4' के जरिए ऑडियंस का दिल जीत रहे हैं। कीकू ने कॉमेडी शोज और एक्टिंग के जरिए खूब पॉपुलैरिटी हासिल की है। इस पॉपुलैरिटी और सक्सेस को वह फैमिली के साथ एन्जॉय करते हैं। इसके लिए वह भगवान का आभार भी जताते हैं। उन्होंने राम लला के दर्शन किए और तस्वीरें शेयर की हैं। कीकू शारदा की अयोध्या की इस आध्यात्मिक यात्रा में उनकी पत्नी प्रियंका शारदा भी रहीं। कीकू ने अयोध्या में रामलला, हनुमानगढ़ी के दर्शन और सरयू आरती के दौरान की तस्वीरें और वीडियो भी शेयर किया और एक आस्था से भरा नोट भी शेयर किया है। कीकू शारदा ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'अयोध्या में राम मंदिर की हमारी यात्रा आस्था, भावनाओं और गहरे आध्यात्मिक जुड़ाव की यात्रा थी. राम मंदिर की भव्यता ने हमें मंत्रमुग्ध कर दिया। इसकी बारीक नक्काशी और दिव्य आभा सदियों की भक्ति और विश्वास को दर्शाती है।' कीकू शारदा ने आगे लिखा, 'राम लला के सामने खड़े होकर हमारे भीतर गहरी शांति थी, एक मौन प्रार्थना थी- कृतज्ञता, आशा और समर्पण की। वहां से हम पवित्र सीढ़ियां चढ़कर हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां की ऊर्जा शक्ति और सुरक्षा की थी। कीकू शारदा ने लिखा, भगवान हनुमान का मंदिर शक्तिशाली होने के साथ-साथ सुकून देने वाला भी लगा, जैसे यह याद दिला रहा हो कि आस्था कोमल भी है और साहसी भी।

## बेटियों को आईपीएस बनने के लिए किया प्रेरित

**नई दिल्ली।** मशहूर एक्ट्रेस और डायरेक्टर कविता चौधरी को दुनिया 'ललिता जी' और 'कल्याणी सिंह' के नाम से जानती है। भारतीय टेलीविजन की एक दमदार पहचान थीं। उन्होंने 'उड़ान' सीरियल के जरिए अपनी बहन (देश की दूसरी महिला IPS) की कहानी पेश करके लाखों लड़कियों को सिविल सेवा के लिए प्रेरित किया। वहीं, उन्होंने सर्फ के विज्ञापन में 'ललिता जी' बनकर एक समझदार महिला के रूप में खुद को स्थापित किया। एनएसडी से शिक्षित कविता ने कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद 2024 में दुनिया को अलविदा कह दिया, लेकिन उनका काम आज भी महिलाओं के लिए हौसले की मिसाल है। 80 के दशक का वो दौर याद कीजिए, जब टीवी पर एक साधारण सी साड़ी पहने महिला सब्जी वाले से मोलभाव करते हुए बड़े कॉन्फिडेंस के साथ कहती थी- 'भाई साहब, सस्ती चीज और अच्छी चीज में फर्क होता है।' वो आवाज थी कविता चौधरी की, जिन्हें दुनिया 'ललिता जी'के नाम से जानती थी। ललिता जी सिर्फ एक विज्ञापन का किरदार नहीं थीं, बल्कि उन्होंने हर भारतीय घर की उस समझदार महिला को पर्दे पर उतारा था जो पाई-पाई का हिसाब रखती है।



# रामायण के बाद रिलीज होगी लव एंड वॉर

*रणबीर कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर' और 'रामायण' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच वह इंस्टाग्राम पर लाइव हुए। यहां उन्होंने फैंस से बातचीत की और अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में खास अपडेट्स शेयर किए। सेशन के दौरान, रणबीर कपूर ने कंफर्म किया कि 'रामायण' उनकी अगली रिलीज होने वाली फिल्म है। उन्होंने आगे बताया कि संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' उसके बाद रिलीज होगी।*



**मुंबई।** 'लव एंड वॉर' इस साल अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, रणबीर कपूर के स्पष्टीकरण के बाद अब इसके इस साल के आखिर में या अगले साल की शुरुआत में रिलीज होने की संभावना है। उम्मीद है कि यह फिल्म 'रामायण' के बाद रिलीज होगी। अपने अगले प्रोजेक्ट्स के बारे में बात करते हुए, रणबीर ने कहा कि 'ब्रह्मास्त्र 2' फैंस की उम्मीद से जल्दी रिलीज होगी। उन्होंने यह भी कहा कि संदीप वांगा रेड्डी की 'एनिमल पार्क' भी पाइपलाइन में है। रणबीर ने कहा कि अगर डायरेक्टर इम्तियाज अली जॉर्डन के लिए कोई स्क्रिप्ट दे पाते हैं तो उन्हें 'रॉकस्टार 2' में वापस आकर खुशी होगी। 'ये जवानी है दीवानी' के बारे में उन्होंने कहा कि फिल्म का अंत बहुत सुंदर था। उन्होंने इशारा किया कि भविष्य में इसी तरह की एक और फिल्म आ सकती है। संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में रोमांस कहानी है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल हैं। बताया जाता है कि इसमें 1960 के दशक के एयर फोर्स अधिकारियों के बीच एक लव ट्राएंगल दिखाया जाएगा।

# भंसाली और मेहता साथ आए

## जय सोमनाथ के लिए मिलाया हाथ

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली और केतन मेहता बॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर हैं। अब यह दोनों निर्देशक फिल्म 'जय सोमनाथ'के लिए साथ आए हैं। इस ऐतिहासिक कहानी के जरिए भारतीय संस्कृति और सभ्यता की अमूल्य विरासत बड़े पर्दे पर उतरेगी। 'जय सोमनाथ' फिल्म का निर्माण भंसाली प्रोडक्शंस और माया मूवीज (केतन मेहता की प्रोडक्शन कंपनी) के बैनर तले किया जा रहा है। वहीं केतन मेहता इस फिल्म के लेखन और निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। 'जय सोमनाथ' फिल्म 2027 में बड़े पर्दे पर दस्तक दे सकती है। फिल्म 'जय सोमनाथ' की कहानी 1025-1026 ईस्वी के उस दौर में लेकर जाएगी। जब महमूद गजनी ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और उसे लूटा था। यह भारतीय इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो विनाश के बाद फिर से खड़े होने की ताकत को दिखाता है। सोमनाथ मंदिर की गौरव गाथा को इस फिल्म में दिखाया जाएगा। फिल्म 'जय सोमनाथ' संजय लीला भंसाली और केतन मेहता के लिए एक खास प्रोजेक्ट्स है। दरअसल, दोनों ही फिल्ममेकर गुजरात से ताल्लुक रखते हैं। वह सोमनाथ मंदिर के महत्व को, उसके इतिहास को अच्छे से समझते हैं। साथ ही दोनों एक उम्दा फिल्ममेकर हैं तो इस कहानी में जान डालने का काम बखूबी कर सकते हैं। सिनेमैटिक नजरिए भी यह फिल्म दर्शकों को चौंका सकती है।





## 80 साल पुरानी फिल्म को अपने ही देश में नहीं मिला था सम्मान

# कान्स फिल्म फेस्टिवल में नीचा नगर ने लहराया था जीत का परचम

*नई दिल्ली। सिनेमा जगत के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में से एक कान्स फिल्म फेस्टिवल में इंटरनेशनल लेवल फिल्मों को पेश किया जाता है। इसमें दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्रीज की मूवीज शामिल रहती हैं। अक्सर रेड कारपेट पर सेलेब्स की मौजूदगी को लेकर चर्चा का विषय बनने वाला कान्स उस वक्त अधिक सुर्खियों में रहा, जब एक हिंदी सिनेमा की फिल्म ने इस फिल्म फेस्टिवल में जीत का परचम लहराया था। लेकिन, हैरान करने वाली बात ये रही कि उस मूवी को भारत देश में सराहना नहीं मिली थी और उसे एक फिसड्डी मूवी के तौर पर जाना गया।*

### कान्स जीतने वालीं पहली हिंदी फिल्म

इंटरनेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में बहुत कम बार देखा गया है कि किसी भारतीय फिल्म ने कामयाबी का स्वाद चखा हो। लेकिन, जब भी ऐसा हुआ है, वह अपने आप में ऐतिहासिक रहा है। ऐसा ही इतिहास 80 साल पहले आई हिंदी फिल्म नीचा नगर ने रचा था। 1946 में रिलीज होने वाली नीचा नगर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की पहली ऐसी फिल्म बनी थी, जिसने कान्स फिल्म फेस्टिवल में जीत का परचम लहराया था। दिग्गज अभिनेता देव आनंद के बड़े भाई चेतन आनंद ने नीचा नगर के जरिए अपने डायरेक्टोरियल करियर की शुरुआत की।



### देश में नहीं हुई थी रिलीज

आपको ये जानकर हैरानी होगी कि कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का नाम रोशन करने वाली नीचा नगर को देश के सिनेमाघरों में कभी रिलीज नहीं किया गया। इस मूवी को 80 के दशक में सीधा टीवी चैनल दूरदर्शन पर प्रसारित किया गया था। ऐसे में इंटरनेवल पर कामयाबी हासिल करने वाली इस मूवी को अपने ही देशवासियों ने वो सम्मान नहीं दिया, जिसकी वह वाकई में हकदार थी।

### फिल्म की कहानी सामाजिक मुद्दे पर बनी थी

इसके अलावा वेटरन एक्ट्रेस रहीं कामिनी कौशल ने भी इस फिल्म के जरिए बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में कदम रखा। कान्स फिल्म फेस्टिवल 1946 में आयोजित होने वाले कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस मूवी को ग्रैंड प्रिक्स डु फेस्टिवल इंटरनेशनल डु फिल्म पुरस्कार ने नवाजा गया था। फिल्म की कहानी सामाजिक मुद्दे पर बनी थी, जिसमें अमीर और गरीब तबके के बीच भेदभाव के संवेदशील विषय को दर्शाया गया था। नीचा नगर अपने आप में एक प्रभावशाली फिल्म रही थी।

## खबर संक्षेप

### संगीत समारोह आज, नगर में मनाया जाएगा सुरों का भव्य महोत्सव

**अकलतरा।** स्व. एम.बी. रोकड़े स्मृति संगीत समारोह समिती का 24वां वार्षिक आयोजन मंगलवार 17 फरवरी को लिखमानिया धर्मशाला में भव्य रूप से संपन्न होने जा रहा है। 23 वर्षों से यह समारोह क्षेत्र में शास्त्रीय संगीत की सशक्त पहचान बन चुका है। यद्यपि कार्यक्रम में संगीत की विभिन्न विधाओं की प्रस्तुतियाँ होती हैं, किंतु शास्त्रीय संगीत यहाँ अनिवार्य रूप से अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराता है। इस वर्ष भी मंच पर शास्त्रीय गायन एवं सितार वादन की विशिष्ट प्रस्तुतियाँ श्रोताओं को सुरों के इंद्रधनुषी संसार से रूबरू कराएंगी। इस बार शास्त्रीय गायन के लिए संगीत जगत के प्रतिष्ठित गायक, गुरु अजय चक्रवर्ती के शिष्य सुदीप्तो चक्रवर्ती कोलकाता आमंत्रित किए गए हैं। उनके साथ तबले पर कोस्तभ धर संगत करेंगे, जो स्वयं फर्रुखाबाद घराने के सशक्त प्रतिनिधि हैं। विधा सितार वादन के लिए मनोज जायसवाल को आमंत्रित किया गया है, जो आकाशवाणी के 'बी' हाई-ग्रेड कलाकार हैं। सुगम गायन में रवि कुमार एवं देवेंद्र श्रीवास भी अपनी प्रस्तुति देंगे, जिनका साथ कोरबा भिलाई आदि शहरों के अन्य कलाकार देंगे। समिति ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

### श्रम विभाग में लाभ के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य, बिना सत्यापन नहीं होगा पंजीयन

**सक्ती।** श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों एवं नए आवेदकों के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया अनिवार्य कर दी गई है। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 1 जनवरी से पंजीकरण हेतु प्राप्त होने वाले समस्त आवेदनों का निराकरण ई-केवाईसी पूर्ण होने के पश्चात ही किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया गया है कि पंजीयन के समय आधार क्रमांक दर्ज करना अनिवार्य होगा तथा पीडीएस में उपलब्ध आधार से संबंधित जानकारी का सत्यापन आवेदक द्वारा किया जाएगा। जिन श्रमिकों एवं आवेदकों की ई-केवाईसी अब तक पूर्ण नहीं हुई है, उनसे अपील की गई है कि वे शीघ्र अपने नजदीकी श्रम संसाधन केंद्र अथवा श्रम विभाग कार्यालय में आधार कार्ड की मूल प्रति के साथ ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराएं, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर एवं पारदर्शी रूप से प्राप्त हो सके।

### एग्रीस्टैक, पीएम किसान व शासकीय योजनाओं के लिए कृषि चौपाल का आयोजन

**सक्ती।** भारत सरकार द्वारा उर्वरकों की बिक्री में पारदर्शिता लाने एवं सब्सिडी का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से एग्रीस्टैक योजना संचालित की जा रही है। इसी क्रम में किसानों को शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने तथा फार्मर आईडी निर्माण हेतु जिले में कृषि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक कृषि, सक्ती से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के समस्त ग्रामों में कृषि चौपाल का आयोजन 13 फरवरी से 3 मार्च तक किया जाएगा। जिन किसानों ने अब तक अपनी फार्मर आईडी नहीं बनवाई है, वे निर्धारित तिथियों में अपने ग्राम अथवा नजदीकी लोक सेवा केंद्र में पहुंचकर पंजीयन करा सकते हैं। फार्मर आईडी बनाने के लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं आवश्यक भूमि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। फार्मर आईडी के माध्यम से किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि ऋण तथा अन्य शासकीय कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। भविष्य में विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक दस्तावेज के रूप में कार्य करेगी।

### एडीआईपी योजना अंतर्गत मूल्यांकन एवं मापन शिविर आयोजित, आज से 20 तक

**सक्ती।** जिले के दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार की एडीआईपी योजना अंतर्गत मूल्यांकन एवं मापन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से पात्र दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। 17 फरवरी को सामुदायिक भवन सक्ती में सक्ती जनपद क्षेत्र के लिए शिविर आयोजित होगा। 18 फरवरी को जनपद पंचायत डभरा के सभाकक्ष में, 19 फरवरी को सद्भावना भवन जैजैपुर में तथा 20 फरवरी को सद्भावना भवन मालखरौदा में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का लाभ प्राप्त करने हेतु दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा, जिसमें अन्य सहायक उपकरणों के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा मोटराइज्ड ट्राइसायकल हेतु 80 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त आय प्रमाण पत्र अथवा बीपीएल राशन कार्ड तथा निवास प्रमाण के रूप में आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

### पुलिस ने की कार्रवाई : अवैध शराब के साथ दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अकलतरा।** अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। थाना अकलतरा क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापेमार कार्रवाई करते अवैध शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान आरोपी रामलाल जायसवाल ग्राम परसाही नाला के कब्जे से 113 पाव देशी प्लेन शराब तथा प्लास्टिक झिल्ली में भरी 23.600 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। आरोपी इतवारी भार्गव के पास से 5 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा, उप निरीक्षक बाबूलाल कोसरिया, प्रधान आरक्षक शरीफुद्दीन, आरक्षक गौकरण राय एवं शंकर यादव का योगदान रहा।

---

### सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा विषय पर ली समीक्षा बैठक

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को करें लाभान्वित : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में केंद्र प्रवर्तित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सांसद ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, संजय रामचंद्र अग्रवाल, गुलजार सिंह, संदीप यादव, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, वनमंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। सांसद श्रीमती जांगड़े ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने और समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनता को आवागमन में असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा कार्य पूर्ण होने के बाद स्थल को पूर्व स्थिति में लाना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। सांसद श्रीमती जांगड़े ने बालिका विद्यालयों में शौचालय निर्माण को प्राथमिकता देते हुए कहा कि छात्राओं की सुविधा और स्वच्छता सर्वोपरि है। जहां निर्माण कार्य अधूरा है, उसे शीघ्र पूर्ण कर उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत अधिक से अधिक मजदूरी मूलक कार्य स्वीकृत कर ग्रामीणों को व्यापक स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कृषि आरडीएसएस अंतर्गत लाइन विस्तार एवं ट्रांसफार्मर उन्नयन कार्यों की समीक्षा की गई। जांजगीर क्षेत्र में 132 केव्ही विद्युत उपकेंद्र की स्थापना के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया गया। सांसद ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन के पात्र हितग्राहियों को समय पर राशि उपलब्ध कराने और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। सांसद ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं खाद उपलब्ध कराने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से संतुलित उर्वरक उपयोग हेतु जागरूक करने और ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार से अधिकाधिक किसानों को जोड़ने पर जोर दिया गया। उन्होंने सिंचाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नहरों से समय पर पानी छोड़ने और निस्तारी हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त नहरों की शीघ्र मरम्मत कराने को कहा गया। उन्होंने पशुपालन एवं डेयरी विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए पशुओं के टीकाकरण, दुग्ध उत्पादन वृद्धि और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा करते हुए सांसद ने निर्देश दिए कि जहां आंगनबाड़ी केंद्र किराए या अनुपयुक्त भवनों में संचालित हो रहे हैं, वहां प्राथमिकता से नए भवन स्वीकृत कर शीघ्र निर्माण कराया जाए।

---

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में युवक की मौके पर मौत, तीन व्यक्ति घायल

### पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद



सरसिवां थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हसौद निवासी भीम पटेल अपने एक साथी के साथ पारिवारिक कार्यक्रम (दशगात्र) में शामिल होने गुढ़ियारी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने कथित रूप से गलत दिशा में आकर उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भीम पटेल को गंभीर चोटें आईं और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में दूसरी बाइक पर सवार लोगों समेत कुल तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए बिलाईगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही सरसिवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और गलत साइड से वाहन चलाना हादसे का कारण बताया जा रहा है। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की विस्तृत विवेचना कर रही है।

## बेटे के सड़क दुर्घटना में मौत से दुःखी माता-पिता ने लगाई फांसी

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम धरदेई में घर के आंगन में लगे पेड़ में दंपति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। एकलौते बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत से दुःखी थे। 4 पन्नों का सुसाइट नोट छोड़ा है घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी बड़ी संख्या में लोग उनके घर देखने पहुंचे थे। शिवरीनारायण पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मिली जानकारी अनुसार ग्राम धरदेई सोमवार 16 फरवरी की सुबह घर के बाहर लगे पेड़ में फांसी के फंदे से लटका हुआ दंपति कृष्णा पटेल 48 वर्ष,पत्नी रमाबाई पटेल 47 वर्ष का शव मिला है। घटना की जानकारी शिवरीनारायण पुलिस को मिलने पर मौके पर पहुंची और पेड़ से शव को नीचे उतार कर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आशंका है कि वर्ष 2024 में मस्तूरी थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना हुई थी जिसमें बेटा आदित्य पटेल 21 वर्ष की मौत हुई थी, जिसे लेकर दोनों पति पत्नी बेटे के जाने के बाद दुःखी रहा करते थे। सुसाईड नोट में उन्होंने अपने पुत्र की मृत्यु होने से यह कदम उठाने की बात कही है।

---

## मतदाता सूची में विसंगति को लेकर मुस्लिम समाज ने रखी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



ज्ञापन सौंपते समाज के लोग।

ग्राम कोटमीसोनार में मतदाता सूची में विसंगति को लेकर गांव के मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से एसडीएम, तहसीलदार एवं पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर जांच और वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन मे बताया गया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान वार्ड क्रमांक 13, 14, 15 एवं 16 के कई वैध एवं पंजीकृत मतदाताओं के नाम हटाने के उद्देश्य से फर्जी एवं त्रुटिपूर्ण आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि व्यक्तियों द्वारा फार्म 7 के माध्यम से मतदाताओं के विरुद्ध गलत जानकारी प्रस्तुत की गई, जबकि संबंधित मतदाता लंबे समय से क्षेत्र में निवासरत हैं और उनके दस्तावेज भी उपलब्ध हैं। समाज के लोगों का कहना है कि यह कृत्य न केवल प्रशासनिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का भी प्रयास है। मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच कराई जाए। साथ ही दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए तथा वैध मतदाताओं के नाम बिना समुचित जांच और सुनवाई के मतदाता सूची से विलोपित न किए जाएं। वरिष्ठजनों ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है और इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता से सामाजिक असंतोष उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि निष्पक्ष जांच कर आम नागरिकों का विश्वास बनाए रखा जाएगा। लोग प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो यह मामला आगे कानूनी कार्रवाई का रूप ले सकता है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुस्लिम समाज के अध्यक्ष डॉक्टर अलीम खान, पंच रहमान बेग, मोहम्मद अजीम खान, कलाम खान सहित समाज के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## कलेक्टोरेट घेराव के लिए कांग्रेस की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



राष्ट्रपिता व अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसजन।

कांग्रेस के मनरेगा बचाव संग्राम के तहत मंगलवार 17 फरवरी को होने वाले कलेक्टोरेट घेराव के लिए पार्टी द्वारा नियुक्त प्रभारी नागेन्द्र गुप्ता द्वारा सोमवार 16 फरवरी को दोपहर 3 बजे से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा की एक बैठक ली गई।

बैठक में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत किसान व मजदूर भाई बहनों के हित संरक्षण को लेकर ब्लाक चाम्पा के प्रभारी नागेंद्र गुप्ता ने उपस्थित सभी कांग्रेसजन से कलेक्टोरेट घेराव में शामिल होने के लिए मंगलवार 17 फरवरी को दोपहर 1 बजे जांजगीर चलने का अनुरोध किया। घेराव कार्यक्रम में छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश प्रभारी विजय जांगिड़, विजय केशरवानी सहित जिले के सभी विधायक गण शामिल होंगे। बैठक का संचालन करते हुए ब्लाक अध्यक्ष सुनील साधवानी ने घेराव कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी और दोपहर 12:30 बजे तक सभी को नंदा बुक डिपो के सामने एकत्रित होने की अपील की। अंत में आभार प्रदर्शन पूर्व ब्लाक अध्यक्ष किशन सोनी ने किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष राज सरोज, श्रीमती शांति सोनी, नेता प्रतिपक्ष हरीश पांडेय, किशन सोनी, पार्षद पवन आर्य, ललित देवांगन, अंजली देवांगन, पुरषोत्तम देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेसी उमेश तिवारी, अनिल वनकर, पूर्व पार्षद डुग्गु प्रधान, रंजन कैवर्त, राकेश जोशी, भागीरथी दुबे, कविता देवांगन, राजू शर्मा, जीवन बंजारे, संजय साधवानी, संजय देवांगन, इतवारी यादव, विष्णु गाड़ा सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

---

# कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम कलेक्टर कार्यालय का घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कांग्रेस के मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा द्वारा मंगलवार 17 फरवरी को दोपहर 1:30 बजे से कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता ने बताया कि मंगलवार 17 फरवरी को दोपहर 1 बजे जांजगीर-चांपा रोड में मदनलाल के बंद पेट्रोल पंप के पास कांग्रेसजन एकत्रित होंगे, यहां से रैली की शक्ल में कलेक्टर कार्यालय घेराव के लिए कूच करेंगे।

यह प्रदर्शन मोदी सरकार के किसान एवं मजदूर विरोधी नीति एवं मनरेगा योजना में हो रहे बदलावों के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्र व्यापी आंदोलन के तहत किया जा रहा है। जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी आजीविका मिशन ग्रामीण कर दिए जाने के विरोध में तथा राज्य को 40 प्रतिशत की राशि देने का प्रावधान और कार्य चयन का अधिकार स्थानीय स्तर पर नहीं होने के विरोध में है। यह बदलाव गरीबों के हित में नहीं है और इससे मजदूरों को काम मिलना मुश्किल होगा और पलायन होगा।

मनरेगा योजना गरीबों के लिए एक महत्वपूर्ण रोजगार गारंटी योजना है, जिसका नाम बदलकर इसे कमजोर किया जा रहा है। इसी कड़ी में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत मंगलवार 17 फरवरी को होने वाले कलेक्टर घेराव में छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी विजय जांगिड़ सहित जिले के कांग्रेस के विधायक व्यास कश्यप, राघवेन्द्र कुमार सिंह, श्रीमती शेषराज हरवंश, बालेश्वर साहू, प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त विजय केशरवानी के अलावा अन्य लोग शामिल होंगे।

## श्रीमद् भागवत के अंतिम दिन सुदामा चरित्र की सुनाई कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवसरा



कथा सुनाते आचार्य।

ग्राम लवसरा के नवधा पारा में 9 से 17 फरवरी तक से श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत अंतिम दिवस सुदामा चरित्र की कथा सुनाई गई।

सोमवार को ब्यासपीठ से कथा वाचक पं. ओमप्रकाश शर्मा के द्वारा सुदामा चरित्र की कथा सुनाई गई, जिसके बाद कथा विश्राम हुई। कथा वाचक ने श्रोताओ को बताया कि मित्रता कैसे निभाते है यह भगवान श्री कृष्ण एवं सुदामा से सिखें। उन्होने बताया कि सुदामा बेहद ही गरीब परिवार से थे, कई दिन उनका परिवार भूँखे ही सो जाता था, सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने बाल सखा श्रीकृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे, सुदामा महल की ओर बढ़ने लगे तब द्वारपालो ने सुदामा को भिक्षु समझकर रोक दिया। सुदामा ने द्वारपालो से कहा कि वह कृष्ण के बाल सखा सुदामा है, इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु कृष्ण से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है और अपना नाम सुदामा बता रहा है। श्रीकृष्ण ने अपने सामने सुदामा सखा को देखकर सुदामा को अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हे गले से लगाया और सुदामा को अपने महल ले गए एवं वहां उनका आतिशि स्वागत किया। सात दिवसीय कथा के दौरान विभीन्न झांकिया भी दिखाई गई एवं भजन सुनाये गये, जिसमे सभी भक्त झूम उठें। लवसरा के नवधा चौक में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के आयोजन में रोजाना कथा प्रेमी बडी संख्या में पहूँचे एवं कथा का श्रद्धा पूर्वक श्रवण कर प्रसाद प्राप्त किया।

## अंध मुख बधिर विद्यालय में चिकित्सा शिविर में लोगों ने लिया लाभ



**पामगढ़।** अंध मुख बधिर विद्यालय पामगढ़ में आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजनसोमवार को किया गया। जिसमें सर्दी खांसी, बुखार, दाद खाज खुजली और उदर रोग ईलाज कर संबंधीत दवाओं का वितरण किया गया। योग की जानकारी देते हुए विभिन्न रोग हेतु योग सिखाया गया। बच्चों को स्वच्छता संबंधी जानकारी देते हुए स्वच्छता का शरीर पे प्रभाव को समझाया गया। उक्त शिविर में दिनेश थवाईत सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रीमति सीमा साहू एवं उनके समस्त छात्रों का विशेष सहयोग रहा।उक्त शिविर में आयुष विभाग नोडल अधिकारी डॉ सुनंदा गोस्वामी, डॉ नीति पाटले, डॉ पायल शर्मा, कमल कुर्रे, व्यासनारायण भारद्वाज, दिलीप बंजारे, सुखदेव श्रीवास, उमा देवी आयुष विभाग ने उपस्थित रह कर अपनी सेवाएं दी। इस अवसर विद्यालय के समस्त स्टाप उपस्थित थे।

---

### स्मार्ट मीटर पखवाडा का हो रहा आयोजन, कुल 10 फीडबैक फार्म हुए प्राप्त

# वितरण केन्द्रों में कैंप लगाकर उपभोक्ताओं को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



जागरूकता रैली में शामिल विभाग के कर्मचारी।

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर संबंधी जागरूकता के लिए 9 से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। अकलतरा क्षेत्र के अंतर्गत सभी वितरण केदो में अलग-अलग ग्रामों के विभिन्न क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर का कैंप लगाकर जीनस कंपनी एवं विद्युत विभाग के संयुक्त प्रयास से जागरूकता हेतु जानकारी प्रदान की जा रही है।

शिवरीनारायण शहर में 16 फरवरी को स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत एक प्रभावी उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटरिंग तकनीक की बारीकियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, मानवीय त्रुटि रहित सटीक बिलिंग, और मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल-टाइम खपत निगरानी जैसे आधुनिक फीचर्स पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की जिज्ञासाओं और तकनीकी शंकाओं का मौके पर ही त्वरित समाधान कर उन्हें इस डिजिटल बदलाव का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर स्मार्ट मीटर संबंधी कुल 10 फीडबैक फॉर्म प्राप्त हुए। कनिष्ठ यंत्री नरेश कुमार नेताम ने बताया कि स्मार्ट मीटर सीधे उपभोक्ता के मोबाइल नंबर द्वारा लिंक किया जा सकता है और मोर बिजली एप डाउनलोड करके स्मार्ट मीटर की तात्कालिक रीडिंगरीडिंग प्राप्त की जा सकती है। गलत बिजली बिल की समस्या भी इसके द्वारा ठीक की जा सकती है।विद्युत विभाग के कर्मचारी राजू बरिहा ने बताया कि पुराने मीटर को हटाकर नए मीटर लगाने पर किसी प्रकार की कोई भी राशि नहीं ली जाती। कार्यक्रम में कनिष्ठ यंत्री नरेश कुमार नेताम , राजू बरिहा एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
7 दिन
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन से- 1 मई से 7 मई 2026
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:- स्लीपर-9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-22,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411